सत्यमेव जयते

पत्रांक: 13907

दिनांक: 16/03/2026

रेखा गुप्ता

मुख्यमंत्री, दिल्ली

प्रिय अभिभावकों

सादर नमस्कार।

मैं, **रेखा गुप्ता**, आपसे एक माँ, एक बेटी और परिवार के एक सदस्य के रूप में, कुछ कहना चाहती हूँ। हर माता-पिता की तरह मेरी भी यही इच्छा है कि हमारी बेटियाँ स्वस्थ रहें, सुरक्षित रहें और अपने सपनों को आत्मविश्वास के साथ पूरा करें। उनकी मुस्कान, उनका आत्मविश्वास और उनका उज्जवल भविष्य हम सभी के लिए सबसे अनमोल है।

इसी भावना के साथ **दिल्ली सरकार** ने हमारी बेटियों को सर्वाइकल (Cervical) कैंसर जैसे गंभीर रोग से बचाने के लिए **HPV टीकाकरण अभियान** शुरू किया है। सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में होने वाले सबसे सामान्य कैंसरों में से एक है, लेकिन अच्छी बात यह है कि समय पर लगाया गया HPV टीका इसे काफी हद तक रोक सकता है।

HPV एक ऐसा वायरस है जो आगे चलकर सर्वाइकल कैंसर का कारण बन सकता है। वैज्ञानिकों और डॉक्टरों के वर्षों के शोध के बाद विकसित यह टीका सुरक्षित, प्रभावी और विश्व के 157 देशों में उपयोग किया जा रहा है। यह टीकाकरण पूरी तरह सुरक्षित है और स्वास्थ्य विशेषज्ञों द्वारा अनुमोदित है। **दिल्ली सरकार के सभी स्वास्थ्य केंद्रों और अस्पतालों में ये टीका निःशुल्क उपलब्ध है।** अपना पहचान पत्र और मोबाईल फोन लेकर दिल्ली सरकार के किसी भी स्वास्थ्य केंद्र या अस्पताल में चल रहे टीकाकरण सत्र में जा कर अपनी बेटी को HPV का टीका लगवा सकते हैं। अधिक सुविधा या **समय की बचत के लिये टीका लगवाने से पूर्व यू-विन ऐप या https://uwin.mohfw.gov.in पर रजिस्टर करें।** इस वेबसाइट पर सभी टीकाकरण सत्रों की पूर्ण जानकारी उपलब्ध है।

मैं आप सभी से दिल से आग्रह करती हूँ कि **अपनी बेटियों को HPV का टीका अवश्य लगवाएँ** और इस अभियान को सफल बनाने में हमारा साथ दें। जब हर बेटी सुरक्षित होगी, तभी हमारा समाज और हमारा भविष्य सुरक्षित होगा।

दिल्ली सरकार का संकल्प है - दिल्ली की हर बेटी स्वस्थ, सुरक्षित और सशक्त बने। आइए, हम सब मिलकर अपनी बेटियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिए यह महत्वपूर्ण कदम उठाएँ। आपका सहयोग ही इस प्रयास की सबसे बड़ी शक्ति है।

स्नेह और विश्वास के साथ,

Rekha Gupta

रेखा गुप्ता

मुख्यमंत्री

दिल्ली सरकार

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली, दिल्ली सचिवालय, आई.पी. एस्टेट, नई दिल्ली–110002

फोन नंबर 011–23392006, 011–23392020, 011–23392030 || ईमेल– cmdelhi@nic-in